Following the amendment of the Airports Authority of India (AAI) Act, the Ministry of Civil Aviation is working out modalities for collecting the Advance Development Fee (ADF) by framing appropriate rules. The amendments to AAI Act of 1994 have been passed in both Houses of Parliament in 2003. In the light of this, Ministry of Civil Aviation has framed rules on ADF under the amended Act. But the modalities for passing on the fee collected would require rules to be framed by the Government of India.

Considering the demand, I request the Central Government to sanction and release adequate fund on priority basis for completion of this project at an early date. Thank you.

## STATEMENT BY MINISTER

### Assassination of Shri Sunil Kumar Mahato, Member of Parliament (Lok Sabha), on 4th March, 2007

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): Hon. Chairman, Sir, I rise, with a deep sense of grief and anguish, to inform the House of the tragic assassination of Shri Sunil Kumar Mahato, Hon. MP, Jharkhand Mukti Morcha (JMM) and two of his bodyguards and a local JMM leader at about 5.30 P.M. on 4th March, 2007 in village Baguria under Ghatshila Police Station of East Singhbhum district of Jharkhand State. Three other persons also received bullet injuries.

Hon. MP had gone there to witness a local level football match along with four security personnel of Jharkhand Armed Police and other JMM supporters. Armed assailants holding small arms and posing as villagers were present among the spectators. In a planned move, the naxalites numbering around 40-45 including women members, suddenly overpowered the bodyguards, snatched their weapons and fired at the Hon. MP and his bodyguards. The naxals took away fourl NSAS rifles and ammunition with them. According to initial reports, the assailants raised pro-naxalite slogans after the killings. Sir, this is a statement based on the information sent by the State Government.

Immediately after the receipt of information, Police force from Ghatshila PS. rushed to the place of occurrence. S.P. Purulia (in West Bengal) was contacted for sealing the nearby inter-state border. Combing operations on both sides of the border are in progress. Reinforcements from State Headquarters have been sent. DGP, Jharkhand and I.G. South Chhotanagpur are camping at Jamshedpur to supervise anti naxal operations in the area. The State has been put on high alert.

Government of India condemns this inhuman and tragic incident. Hon Minister of State (Shri Sriprakash Jaiswal) has visited the State and assured the State Administration that the Centre will provide all possible support and assistance. The Ministry of Home Affairs is maintaining a close watch on the situation.

The Central Government provides financial, technical and manpower related assistance to the naxal affected states under various schemes of the Home Ministry.

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

Under the Police Modernisation Scheme, Rs. 182.72 crores has been provided to Jharkhand in the last six years. During the current year, a Special Grant of Rs. 15 crores is being given to the State for purchase of telecommunication, weaponry and de-mining equipment. Jharkhand has been provided Rs. 20.92 crore under the Security Related Expenditure (SRE) Scheme till date.

To address the issue on the Socio-economic front, under the Backward District Initiative (BDI) scheme, so far Rs 450 crores has been released to Jharkhand. The State has utilized Rs 348.18 crore

In addition, the State has been provided

- 16 Armoured Vehicles
- 5 battalions of CRPF continuously for the last 3 years
- Sanction for three IR battalions has been given by the Centre.

The State has raised one battalion till now. Central Government will provide Rs. 20.75 crore per battalion against Rs. 13 crore per battalion being provided earlier.

Under the SRE, till date Rs. 218.52 crores have been disbursed to Naxal-affected States. Under this Scheme, reimbursement is given to the States for expenditure on ammunition, mobility for police personnel rehabilitation of surrendered naxals, ex-gratia relief to killed civilians and security forces, insurance to security forces etc. The total expenditure under Police Modernization is of the level of about Rs. 4,000 crores since 2000-01. The Sashastra Seema Bal (SSB) has been deployed for providing security on Indo-Nepal border. Further, 33 battalions of CRPF have been provided to the naxal-affected States, which involves an expenditure of about Rs. 1200 crores. CPMFs have also been directed to fill-40% vacancies from youth of naxal-affected areas.

While the naxal problem in the country is of serious nature, combined efforts of the State and the Central Governments have shown some level of containment. Andhra Pradesh has achieved note-worthy success in controlling the problem through Special Forces, namely, Greyhounds and through other measures.

In the country as a whole, the incidents of naxal violence declined from 1608 in 2005 to 1509 in 2006, signifying a 6.15% decline.

The Central Government has also put in place a strong mechanism for monitoring naxal activities and for evolving strategies to counter and closely address the problem.

However, we certainly need greater concerted and co-operative" efforts between the States *inter-se,* as well as between the Centre and the States to achieve more acceptable results. We expect that the motivation and dedication of the State police, coupled with financial, technical support which includes equipment and manpower support from Government of India along with developmental programmes in naxal affected areas will have a significant impact on this problem.

SHRI YASHWANT SINHA (Jharkhand): Sir, are we having clarifications now?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Whoever has given notice will seek clarification.

**श्री दिग्विजय सिंह** (झारखंड) : उपसभापति महोदय, मुझे बहुत दुख के साथ इस बात को कहना पड रहा है कि जहां झारखडं में नक्सलियों के द्वारा एक ससंद सदस्य की हत्या की गई वहीं भारत के गृह मंत्री को इस बात की फुर्सत नहीं थी कि उस मौके पर वह स्वयं हाजिर होते । हमें यह बात दुख के साथ शिवराज जी, इसलिए भी कहनी पड रही हैं कि....

**श्री शिवराज वी. पाटील :** श्रीप्रकाश जायसवाल जी गए थे ।

**श्री दिग्विजय सिंह :** जी, श्रीप्रकाश जी गए, यह मुझे मालूम है । आप क्या कर रहे थे, जो आपके पास इतना समय नहीं था कि एक ससंद सदस्य मारा गया, आज ससंद की कार्यवाही लोक सभा में ठप्प हो गई, नहीं चली । मैं इसलिए इस बात को कह रहा हूं कि इससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुची है । अगर ऐसे मौके पर भी भारत का गृह मंत्री उपलब्ध नहो, एक दिन बाद, 24 घंटे तक, तो आप कब उपलब्ध होंगे? एक तो हम इसकी जानकारी चाहेंगे । दूसरा,

सदन में हम लोगो ने कई बार अपनी तरफ से और सार्वजनिक तौर से सब लोगों ने यह बात कही कि झारखंड के करीब-करीब सभी क्षेत्र नक्सलवादियों के प्रभाव में आ चुके हैं। सरकार की तरफ से बार-बार आश्वासन दिया जा रहा था कि हम उस पर निगरानी रखे हुए हैं। उस निगरानी के बावजूद इतना बड़ा कांड वहां पर हो गया। क्या भारत की सरकार को उसकी जानकारी थी या नहीं थी? तीसरी बात मैं आपसे यह जानना चाहता हूं कि वहां पर जो सरकार अभी चल रही है , उस सरकार के बारे में एक आम राय – यह मैं नहीं बता रहा हूं, आपके कल दो संसद सदस्यों ने अपने बयान में यह बात कही है-कि यह सरकार किसी भी कीमत पर अगर एक मिनट भी ज्यादा चली तो यहां पता नहीं, कितने संसद सदस्यों की और हत्या होगी। यह काग्रेस के दो ससंद सदस्यों का टेलीविजन पर बयान हमने देखा है। एक का नाम फुरकान अंसारी था और दूसरे श्री दूबे थे। आप उस सरकार का समर्थन वहां कर रहे हैं। क्या ऐसी सरकार को तत्काल बर्खास्त करके आप वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू करेंगे या नहीं करेंगे, यह भी मैं आपसे जानना चाहता हूं। चौथी बात मैं आपसे यह जानना चाहता हूं कि जो नक्सलवादियों से जूझने के लिए आपने पैसे दिए थे, गाड़ी , मोटर और armoured vehicles खरीदने के लिए, क्या उस पैसे का सही उपयोग वहां हुआ है या नहीं हुआ? मेरी जानकारी में वह सारी गाड़ियां खरीदने के लिए जो आपने पैसा दिया था, उन गाडियों पर वहां के मंत्री लोग सवारी कर रहे हैं वे चढ़ रहे हैं, सरकारी मुलाजिम उन पर चढ़ रहे हैं। नक्सलवादी आंदोलन से लडने का कोई इंतजाम वहां के सरकारी तंत्र में बचा हुआ नहीं है। ऐसे हालात में आप कौन सा कदम वहां उठाने जा रहे हैं , तब जब कि संसद सदस्य की हत्या हुई हो? जिन संसद सदस्यों को वहां कोई पुलिस प्रोटेक्शन नही हैं, उनके बारे में आप क्या कर रहे हैं? हम सब लोगों को झारखंड में जाने पर कोई पुलिस प्रोटेक्शन नहीं मिलता है। मैं वहां से एमपी हूं, अहलुवालिया साहब वहां से एमपी हैं। हम लोगों के लिए वहां पर कोई सिक्योरिटी का इंतजाम नहीं किया गया है। क्या भारत की सरकार, उन ससंद सदस्यों के लिए, जो वहां से हैं, कोई इंतजाम करने वाली है या नहीं ? धन्यवाद।

**श्री उपसभापति :** श्री संतोष बागडोदिया।

**श्री यशवंत सिन्हा :** सर...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : मैं बुलाउंगा। सबने नोटिस दिया हैं। मैं आपने भी बुलाएंगा। वे भी झारखंड से हैं, आप भी झारखंड से हैं।

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): Mr. Deputy Chairman, Sir, the situation in the country and the world has changed. Not only naxal violence, but all kinds of violence have increased.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please seek the clarification.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Sir, based on that only I am seeking a clarification. It is not because that my learned friend over there has mentioned about the Jharkhand MP, but I want to mention that whatever has happened is definitely a serious matter. But does it mean that only when this kind of situation happens and only from those States MPs are at risk? MPs are at risk all over the country. They have to travel to remote areas for their political activities. There is a risk at their residents also in Delhi. I would like to know from the hon. Minister, in view of this situation, whether he would like to consider that this kind of security should be given to the public men, either they are in Delhi or they are on tour in the country, because saying that Jharkhand is in trouble and not other places, is not really a true thing.

Then, Sir, he has "mentioned that they have allotted Rs. 450 crores. But the State has utilized only Rs. 348 crores. Is it because of the stringent rules or was the State careless in utilizing the full amount? This point may also be clarified.

Then, Sir, will the hon. Minister like to make sure that some kind of police *bandobast* is made whenever MPs go for any kind of public function? The situaiton is such that 45 people come at a public place and not a single man is arrested, everybody runs away. That means it is a very serious matter. Will the hon. Minister look into it?

श्री यशंवत सिन्हा : उपसभापति महोदय, मैं आदरणीय गृह मंत्री जी के साथ सहमत हूं कि बहुत ही दुखद घटना घटी है और एक बहुत ही उभरते हुए व्यक्तित्व को झारखंड ने इस मर्डर के चलते खो दिया है, लेकिन मुझे अफसोस है कि इस मौके पर भी गृह मंत्री जी ने आंकडों के पीछे छिपने का प्रयास किया है। अब यहां पर बाकी जो आवंटन की बातें हैं , वे तो है ही, लेकिन जब-जब इस सदन में आंतरिंक सुरक्षा के ऊपर और खास करके नक्सलिज्म पर चर्चा हुई है, तो गृह मंत्री महोदय ने बराबर इसको अडंरप्ले करने की कोशिश की है, कम करके आकंने की कोशिश की है, गृह मंत्री जी के ऊपर मेरा यह एक चार्ज हैं। आज भी अगर आप देखें कि पैराग्राफ 11 में वे कह रहे हैं-

Mr. Chairman in the Chair.

"In the country, as a whole, the incidents of naxal violence declined from 1608 in 2005 to 1509 in 2006, signifying a 6.15% decline."

अगर हम जाकर सुनील महतो की विधवा को कहें कि आप सब्र कीजिए, क्योंकि यह डिक्लाइन हुआ है 6.15 प्रतिशत का, तो उसके लिए कोई मतलब है, इसबात का? और आंध्र

प्रदेश में अगर Greyhounds से हमे सफलता मिली है, तो भारत सरकार इसको दूसरे राज्यों में replicate क्यों नहीं करवा रही हैं? भारत सरकार की क्या जिम्मेदारी बनती है, खास करके इस मामले में, जबकि यह इंटर-स्टेट आपॅरेशन हो रहा हैं? हम सब जानते हैं कि वे छत्तीसगढ़ में क्राइम करते हैं, तो झारखडं में आते हैं और झारखंड में क्राइम करते हैं, तो छत्तीसगढ आते हैं । वहां से उड़ीसा जाते हैं, उडीसा से आंध्र प्रदेश जाते हैं । Red corridor की बात सब लोग जानते हैं । गृह मंत्री महोदय ने पिछले साल एक बैठक बुलाई थी, हम सब लोग उसमें शामिल हुए थे । हम सब लोगों ने सुझाव दिया था कि नक्सलवाद से जो राज्य प्रभावित है, वहां पर हमें कौन-कौन से कदम उठाने चाहिए और हमें जानकारी नहीं है कि उस पर भारत सरकार ने कौन से कदम उठाए? क्या गृह मंत्री जी इस सदन को इस बात की जानकारी देंगे कि उस मीटिंग के बाद, जो उन्होंने पार्लियामेंट के सदस्यों की बुलाई थी, कौन-कौन से कदम उन्होंने उनके सुझाव पर उठाए? मुझे याद है कि उसमें मैंने एक सुझाव दिया था, कि हर नक्सली अफेक्टेड राज्य में एक आर्म्ड हेलीकॉप्टर आप दीजिए, जो कि तत्काल उस घटनास्थल पर पहुंचे, जहां पर नक्सली घटना करके भागने की कोशिश कर रहे हों । हम सब जानते हैं कि उसमें इस प्रकार के औजार लगाए जा सकते हैं, जिससे कि अगर अंधेरा भी हो जाए अंधकार भी आ जाए तब भी हम देख सकते हैं कि क्या हुआ? अगर इस प्रकार की व्यवस्था हुई होती, तो कम से कम तत्काल वहां पर जमशेदपुर के पास, जहां यह दुर्घटना हुई, वहां यह हेलीकॉप्टर पहुंच सकता था और तत्काल हमें पता चल सकता था कि वे किस दिशा में गए । जैसा संतोष बागडोदिया जी ने कहा कि आज तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई, सारे लोग आए और अपने काम को अंजाम दिया और चले गए, तो मैं गृह मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि सुनील महतो, जो लोक सभा के सदस्य थे, उनको किस प्रकार की सुरक्षा की व्यवस्था वहां पर दी गई थी? क्या वह भारत सरकार की सुरक्षा व्यवस्था थी या राज्य की सुरक्षा व्यवस्था थी? अगर राज्य सरकार की सुरक्षा व्यवस्था थी, तो कितने लोग थे? किस प्रकार के लोग थे और उनको किस प्रकार की ट्रेनिंग दी गई थी, इस प्रकार की सिचुएशन से निपटने के लिए?

दूसरा, जब वे जा रहे थे उस स्थान पर, तो उन्होंने क्या जिला प्रशासन को और विशेषकर पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी थी या नहीं दी थी? क्योंकि अगर उनके साथ सुरक्षाकर्मी थे, तो सुरक्षाकर्मियों का यह दायित्व बनता है कि वे जिला प्रशासन को पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दें । क्या यह सूचना दी गई ? अगर ऐसी सूचना पुलिस को थी, तो उसके बाद उन्होंने वहां पर सुरक्षा के कौन-कौन से इंतजाम किए थे? क्योंकि हम सबकी जानकारी में है कि वे जिस इलाके में गए थे, वह पूरी तरह से नक्सली प्रभावित इलाका था, वे वहां दोबारा गए थे । वे पहले दिन रात को भी गए थे, उसके बाद वहां कीर्तन का एक कार्यक्रम था, उसमे पहुंचने में उन्हें देर हो गई, तब उनसे आग्रह किया गया कि कल फुटबॉल का मैच है, उस समय आप उपस्थिति हों । तो ऐसे नहीं था कि वे अचानक चले गए वहां पर और किसी को जानकारी नहीं थी ।

तीसरा जो मेरा सवाल है कि इस पूरी स्थिति को देखते हुए झारखडं में और दूसरे नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में जो वहां से मैमबर्स ऑफ पार्लियामेंट आते हैं, उनकी सिक्योरिटी की व्यवस्था अब सरकार क्या करने जा रही है? सभापति जी, मैं बहुत तकलीफ के साथ इस बात को कह रहा हूं कि हम सभी, जो झारखंड में रहते हैं या इस प्रकार के राज्यों में राजनीति करते हैं और जमीनी राजनीति करते हैं, वे रोज इस खतरे को झेलते हैं। कहीं पर भी, हम में से किसी के साथ इस प्रकार की दुर्घटना घट सकती है। मैं स्वयं इस प्रकार के फंक्शन्स में जाता रहा रहता हूं। वहा पर मैं देखता हूं कि मेरे साथ जो सुरक्षा व्यवस्था है, वह पूरी तरह से विफल हो जाएगी, अगर दो आदमी भी वहां पर पहुंच जाए और आक्रमण कर दें। झारखडं के पुलिसकर्मियों की जो ट्रेनिंग है, वह ट्रेनिंग इस प्रकार की सिचुएशन को मीट करने के लिए बिल्कुल नाकाफी है। सभापति जी, आप सोचिए कि चार पुलिसकर्मी पीछे खडे हैं और उनके पीछे पंद्रह नक्सली आकर खडे हो गए उसमें से दो पुलिसकर्मी भाग गए। जब जनता भागी तो वे भी भाग गए। उन्होंने दो पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया और उनके राइफल्स या जो आधुनिक हथियार थे, वे उन्होंने छीन लिए। यह पहली घटना नहीं है। किसी के साथ जो बहुत बडा खतरा होता है, वह यह होता है कि वे हमें मारने के लिए आएं या न आएं, लेकिन हमारे जो सुरक्षकर्मी हैं, उनके हथियारों की रक्षा नहीं कर सकते हैं। आज के दिन वहां पर यह स्थिति है हजारीबाग में हमारे घर के सामने एक ढाबा है, जहां पर उन्होंने लोगों को मार दिया। वहां पर पुलिस के कुछ कर्मी, जो पेट्रोलिंग करने के लिए गए थे, एक-एक के हथियार उन्होंने छीन लिए। यह स्थिति वहां पर है। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि अभी खबरें आ रही हैं कि भारत सरकार के जो मंत्री वहां गए, गृह सचिव महोदय ने बयान दिया, यहां retaliatory killing – गृह मंत्री महोदय के पास क्या सूचना हैं? क्या उनको retaliation में मारा गया? क्योंकि वे दबंग थे, नक्सलियों के खिलाफ बोलते थे, इसलिए उन्हें टारगेट किया गया । क्या बात है, क्या हुआ था, इसकी कोई जानकारी गृह मंत्री जी के बयान से हमें नहीं मिलती है। मैं यह कहना चाहूंगा कि अगर झारखडं सरकार ने सौ करोड से ऊपर रूपया पुलिस मॉडर्नइजेशन के ऊपर खर्च नहीं किया है, जैसा संतोष बागडोदिया जी कह रहे थे,कि इसके बारे में भारत सरकार ने कौन से कदम उठाए हैं, तो ये जो पैसे वहां पर जा रहे हैं, इसका वहां पर उपयोग क्यों नहीं है, सभापति जी, मैं अंत में कहना चाहूंगा कि आज के दिन झारखंड में जो सरकार है, वह सरकार नही है, वह एक मजाक है। It is a joke. जो दल उस सरकार का समर्थन कर रहे हैं जिसका मुखिया एक इंडिपेंडेंट एमएलए है, उनको आज के दिन अपने गिरेबान में झांकना चाहिए और सोचना चाहिए कि क्या वे उस राज्य के साथ इंसाफ कर रहे हैं या उस राज्य के साथ घोर अन्याय कर रहे हैं। वहां इस प्रकार की सरकार है। मेरा चार्ज है कि आज के दिन जो राजनीतिक दल समर्थन देकर झारखंड में इस प्रकार की सरकार को बनाए हुए हैं, वे झारखडं के साथ घोर अन्याय कर रहे हैं। पूरी व्यवस्था, चाहे विकास की

व्यवस्था हो, चाहे लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था हो, वह पूरी तरह से चौपट हो गई है । जो लोग वहां जाते हैं, वहां की जानकारी रखते हैं ...(**व्यवधान**)...

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK (Goa): Sir *...(Interruptions)...*

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka): Sir *...(Interruptions)...*

**श्री यशवंत सिन्हा :** आप सुनिए तो ...(**व्यवधान**)... आपके सदस्य ने ...(**व्यवधान**)... Mr. Poojary does not know anything about it *...(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: Let him finish.

**श्री यशवंत सिन्हा :** सभापति जी, उनकी तरफ से जो बयान आया है...(**व्यवधान**)... उसको पढिए ...(**व्यवधान**)... मैं तो यहां ...(**व्यवधान**)... बांटता रहा ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Let him finish *...(Interruptions)...* Please let him finish *...(Interruptions)...* The hon. Minister is going to reply *...(Interruptions)...* Please take your seats *...(Interruptions)...*

**श्री यशवंत सिन्हा** : सभापति जी, मैं यहां बहुत शालीनता के साथ बोल रहा हूं ...(**व्यवधान**)... मैं पुजारी जी से पूछना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)... एक मिनट ...(**व्यवधान**)... मेरी बात सुनिए, ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: It is a serious matter *...(Interruptions)...*

**श्री यशवंत सिन्हा :** Ask your MP from Jharkhand—she is not here today—what statement she has made about the performance of the Jharkhand Government *...(Interruptions)...* Mr. Poojary, then, you come and talk to me *...(Interruptions)...* Then you come and talk to me *...(Interruptions)...*

SHRI JANARDHANA POOJARY: You are criticising the State Government... *(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: Mr. Poojary, please don't disturb... *(Interruptions)...*

SHRI YASHWANT SINHA: What has she said? *...(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: Mr. Poojary, please take you seat. *..(Interruptions)...* This is a very sensitive matter *...(Interruptions)...* Let him speak *...(Interruptions)...* Mr. Poojary, let him speak. This is a very serious matter... *(Interruptions),..*

SHRI JANARDHANA POOJARY: Please allow us also to speak *...(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: Please take your seat *...(Interruptions)...* I won't allow *...(Interruptions)...* Nothing will go on record *...(Interruptions)...* Please take your seat *...(Interruptions)...* Mr. Sinha, please finish *...(Interruptions)...*

**श्री दिग्विजय सिंह :** ये मजाक कर रहे हैं ...(**व्यवधान**)... क्या हालत हो रही है ...(**व्यवधान**)... क्या हालत है वहां पर आप लोगों को मालूम है ...(**व्यवधान**)...

**श्री यशंवत सिन्हा** : अंत में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि झारखंड के और इस प्रकार के राज्यों के जितने ससंद सदस्य हैं, उनके लिए समुचित सुरक्षा की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भारत सरकार की है, क्योंकि राज्य सरकार के ऊपर हम इस बात को लेकर निर्भर नहीं कर सकते हैं। आज श्री सुनील महतों मारे गए हैं कल हम लोगों में से किसी के साथ इस प्रकार की दुर्घटना हो सकती हैं। धन्यवाद।

**श्री अजय मारू** (झारखंड) **:** सभापति महोदय, झारखडं मुक्ति मोर्चा के सांसद और हम सबके साथी श्री सुनील महतों की होली के उल्लास भरे समारोह में जिस तरह से हत्या की गई है, यह न सिर्फ झारखंड में नक्सलियों का जो साहस बढ रहा है , उसको दर्शाता है, बल्कि यह केन्द्र और राज्य सरकार के नक्सलवादी आंदोलन के खिलाफ जारी अभियान के खोखलेपन को भी दर्शाता है।

सभापति महोदय, कल झारखंड के मुख्यमंत्री ने अपनी जो प्रतिक्रिया दी, उसमें उन्होंने सबसे पहले यह कहा कि मैं यह मानता हूं कि झारखडं में सूचना तंत्र पूरी तरह ध्वस्त हो गया है । यही नहीं, झारखंड से कांग्रेस के 2 सांसदों ने जिस प्रकार का आरोप उस सरकार पर लगाया है , यह मुझसे पहले बोलने वाले वक्ताओं ने कह दिया है। गृह मंत्री जी ने जो यह स्टेटमेंट दिया है, इसमें नक्सलियों के बढ़ते हुए आंतक का जिक्र करते हुए, उन्होंने इस घटना पर दुःख जाहिर किया है, **लेकिन इस** 13 **पैराग्राफ के स्टे**टमेंट में उन्होंने कल की घटना का जिक्र सिर्फ 4 पैराग्राफ में किया है और बाकी 9 पैराग्राफ में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार क्या कर रही है, यह बताया है। उन्होंने पैराग्राफ 7 में जिक्र किया है कि 450 करोड़ रूपए की राशि में से केवल 348 करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं। उस राज्य सरकार का यह हश्र है कि पूरे साल की योजना का जो बजट हैं, उसमें जनवरी तक मांत्र 32 प्रतिशत राशि उस प्रदेश में खर्च की गई हैं। वहां की जो सरकार हैं, वह चुनी हुई सरकार नहीं है, चुन-चुनकर वहां लोगों को बिठाया गया है, ऐसी सरकार है। उस सरकार से हम और क्या उम्मीद कर सकते हैं?

सभापति जी, मैं गृह मंत्री जी से यह स्पष्टीकरण चाहता हूं कि श्री सुनील महतो को पहले राज्य सरकार ने 6 अंगरक्षक दिए थे, उनमें से 2 अंगरक्षक क्यों हटाए गए? इसकी जानकारी गृह मंत्री जी दें। होली के अवसर पर जो कार्यक्रम आयोजित किया गया था, उसमें श्री सुनील महतो गए थे, एक दिन पूर्व भी रात 11 बजे वे उसी स्थान से लौटकर आए थे। श्री सुनील महतो, उग्रवाद और नक्सलवाद के खिलाफ मुखर थे और जिस स्थान पर उनका कत्ल हुआ, वहां पर वे ग्रामीणों को उन नक्सलियों के खिलाफ संगठित कर रहे थे। होली के दिन जब वे वहां नहीं जाना चाहते थे, बार-बार एक व्यक्ति का उनके पास फोन आ रहा था कि आप इस कार्यक्रम में आएं। प्रभाकर महतो-एक और व्यक्ति जो वहां पर मारा गया है, बार-बार इस व्यक्ति का वहां पर फोन आ रहा था। इतने बडे समूह में जहां यह कार्यक्रम हो रहा था, नक्सलियों ने सिर्फ श्री सुनील महतो और प्रभाकर महतो को मारा। इसमें एक साजिश की बू आती है कि कहीं प्रभाकर महतो ही तो बार-बार फोन करके इस घटना को अंजाम देने की कोशिश तो नहीं कर रहा था और जब नक्सलियों ने उसके साथ इस घटना को अंजाम दिया, तो उस भीड़ में केवल दो व्यक्ति ही मारे गए – श्री सुनील महतो और प्रभाकर महतो, सुरक्षाकर्मी भी मारे गए हैं, लेकिन इस कांड में प्रभाकर महतो की क्या भूमिका थी? बार-बार श्री सुनील महतो के मोबाइल पर जो फोन आ रहे थे, सरकार इसकी जांच किस प्रकार करा रही है, यह मैं जानना चाहता हूं।

सभापति जी, श्री सुनील महतो की पत्नी सुमन महतो ने अपने बयान में कहा है कि एक साजिश के तहत मेरे पति को मारा गया है। इस घटना को सरकार कितनी संजीदगी से ले रही हैं, इसके बारे में इस 2 पृष्ठों के बयान में कुछ नहीं कहा गया है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि राज्य सरकार से वहां कुछ नहीं होना है, उसने CBI की जांच की मांग करके अपना पल्ला झाड़ लिया है। केन्द्र सरकार, इस वक्त वहां की सरकार को समर्थन दे रही हैं। मैं मांग करता हूं कि राज्य सरकार को तुरंत बर्खास्त करके वहां पर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal): Sir, on behalf of my party, I join this House in expressing our grief and anguish at this very brutal murder. We strongly condemn this murder and urge the Government to take steps to ensure that those who are responsible for this should be immediately caught and punished.

Sir, there are two or three issues which arise out of the Home Minister's statement on which I would like to seek clarification. We know that many of these areas are naxalite-infested and there are such activities, and when an MP who is under protection could be attacked in this fashion, the question arises whether our Intelligence gathering agencies are

performing their duties, if there is a necessity to review that work, whether there has been any lag in the Intelligence information that either the State Government or Central Government is getting, which could permit such an incident to go on in this way. I would like the Home Minister to give a clarification on this issue.

Sir, I represent West Bengal, Many of our districts in West Bengal are neighbouring Jharkhand. I do not wish to go into the political aspect of it; many of my colleagues have spoken about the present State Government and I am not going into the political aspect of it, but during the last two or three years we heve certainly seen many raids of naxalite groups coming in from Jharkhand and attacking our cadre in West Bengal. And it is a very politically motivated thing because these are people who have been fighting the naxalites along with the people in every possible political way. Therefore, they were targeted, and I can say it very clearly, as far as West Bengal is concerned, that there are retaliatory killings because we are confronting them politically. But the problem arises, Sir that even now there are so many cases where those who are guilty have not been punished or have not been caught. That is because of this inter-border movement which is taking place, particularly from Jharkhand into West Bengal and back to Jharkhand.

In paragragh 13 of the statement, the Home Minister has said that they want greater concerted and.cooperative efforts between State and between the Centre and the States. So, my question is, can we set up some kind of a permanent mechanism where these incidents are taking place and where there is cross-border movement of thsese naxalite groups? What role can the Central Government have to ensure whether there is cooperation or not among the States? We have to a guarantee through a mechanism which would work regularly to ensure that such cooperation is there if there ts no such cooperation. So, what does the Central Government have to say about it? Can we think of such a mechanism?

Lastly, I would like to express my deep condolences to the family and -also Jo the two policemen who were killed in the course of performing their duty.. Very often, we do express our solidarity and grief, but as time passes what is the plight of those families? What happens to their children? I think we need to be much more proactive on that. Therefore, I would like an assurance from the Home Minister as to the measures he is going to

take to ensure that the families are adequately looked after by the Government.

**श्री एस.एस. अहलुवालिया**(झारखंड) : सभापति महोदय, आज इस दुर्भाग्यजनक घटना, जिसमें हमारे एक साथी की नृशंसा हत्या हो गई, इसके वक्तव्य पर मैं सवाल पूछ रहा हूं। महोदय, यह वही इलाका है, जहां पर 90 के दशक में arms dropping हुई थी। पुरूलिया और झारखंड का यह वही इलाका है, जहां पर arms dropping हुई थी। जब से यूपीए सरकार आई है, उसने बार-बार एक चीज को दोहराया है कि ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती वृंदा कारत** : Arms dropping वालों को छोड़ दिया था आपने, आपकी सरकार ने ...(**व्यवधान**)...

**श्री एस.एस. अहलुवालिया** : किसने छोडा, किसने पकड़ा, वह छोड़ दीजिए । किसकी सरकार थी, कौन था, वह मत बोलिए । मैं आपको उस इलाके की sensitivity के बारे में बता रहा हूं यू.पी.ए. सरकार बार-बार कहती हैं कि दो विषय गंभीर हैं जिन का सुलझना/सुलझना जरूरी है – एक क्रॉस बॉडर टैररिज्म और दूसरा इंटरनल नक्सलाइट टैररिज्म । महोदय, इस कारण सब से पहले पी0 डबल्यू0जी0 से समझौता हुआ और उस के बाद उनके आर्म्स सरेंडर करने के लिए बहुत सारे कदम उठाए गए, परतु हम ने देखा कि नक्सालइट अफैक्टेड एरियाज के चीफ मिनस्टिर्स की एक कांफरेंस बुलायी गयी । उनकी एक टीम बनायी गयी कि सब मिल-जुलकर efforts करेंगे और इसे रोकने की कोशिश करेंगे, किन्तु हम हर बात में विफल हो रहे हैं ।

महोदय, राजीव गांधी की हत्या के बारे में जस्टिस से. एस. वर्मा की एक कमेटी बैठी थी और उन्होंने अपनी अनुशसां में दो चीजें मुख्य रूप से कही थी । उन्होंने कहा था कि टैरॅरिस्टस का एक ढर्रा है, कि First, they identify the target, then isolate him and then elimenate him और यह ढर्रा वे अपना रहे हैं, लेकिन हमारी पुलिस उस टार्गेट को identification, isolation and elimination पर कहां रोक लगा पा रही है, यह आज तक मुझे समझ नहीं आ रहा है? दूसरे, उन्होंने कहा था कि जिन लोगों को सुरक्षा, प्रदान की गयी है, उसके regular threat perception की स्टडी होती रहनी चाहिए, उसका रिव्यु होता रहना चाहिए । महोदय, अगर एक सेक्शन फोर्स को देखा जाए तो आश्चर्य होता है कि उस सेक्शन फोर्स की क्या संख्या होती है? महोदय, सुनील महतो को "ब्लैंक कैट" उपलब्ध थे, लेकिन "ब्लैक कैट" के सिर्फ चार जवान उनके साथ थे जिससे एक सेक्शन फोर्स पूरी नहीं होती है । तो किस संख्या के हिसाब से उनको सुरक्षा प्रदान की गयी थी, उनका threat perception कब रिव्यु किया गया था – इस बारे में मंत्री जी सदन को जानकारी देने की कृपा करें?

महोदय, हम दिल्ली में आम तौर पर देखते हैं कि "रैड अलर्ट" घोषित होता है कि कुछ पाकिस्तानी घुस आए हैं और वे आतंकवादी घटना को अजांम देने जा रहे हैं -प्रधान मंत्री का घर उडाने जा रहे हैं, राष्ट्रपति भवन को टार्गेट करने जा रहे हैं या पार्लियामेंट को टार्गेट करने जा रहे हैं महोदय, उसी तरह से नक्सलाइटस के लिए एक अगल विंग बनाया गया है, एक नेटवर्क हैं तो इन स्टेट्स से सारी खुफिया रिपोटर्स को इकट्ठा करके, analyse कर के अपनी strategies बनाता हैं। महोदय, यह कोई मामूली बात नहीं है, कि एक सासंद को मारने की conspiracy हुई और खुफिया को पता न लगा हो? अगर यह खुफिया विभाग को पता नहीं लगा कि एक सांसद को मारने का षड्यंत्र हुआ है, तब तो यह खुफिया विभाग का टोटल फेल्योर हैं।

दूसरे, महोदय एक बात यह भी चल पडी कि सारे सांसदो की सुरक्षा की व्यवस्था की जाए, उस बारे में रिव्यु किया जाए। मैं उस के पक्ष में नहीं हूं। सांसदों को सुरक्षा प्रदान कर peoples representatives को peoples से isolate करने यह एक तरीका है। आप क्यों नहीं एक ऐसा माहौल बनाते कि लोगों के मन मे नक्सलाइटस के प्रति जो भय, आंतक है, वह कम हो, लोगों को sense of security महसूस हो? वह माहौल बनाना जरूरी है या सांसदों को "ब्लैक कैट" देकर या दूसरी तरह का सेक्युरिटी फोर्स देकर उन को isolate कर दिया जाए ताकि वे सांसदों के साथ मिल भी न सकें, जनता की प्रॉब्लाम्स को सांसद न सुन सकें और उन की grievances बढ़ती जाए? फिरअगर लोगों की grievances बढेगी तो नक्सलाइडट्स का बेस वर्क और आगे बढेगा, उन की फील्ड बढेगी और उन के सपोर्टर्स बढेंगे। महोदय, मैं इस के खिलाफ हूं।

महोदय, मंत्री महोदय ने पैराग्राफ ९ में उल्लेख किया है कि पुलिस मॉडर्नाइजेशन के लिए वर्ष 2000-2001 से 4000 करोड़ रूपए दिए गए हैं। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या आप को पता है, क्या आप ने कभी रिव्यू किया है कि पुलिस मॉडर्नाइजेशन के नाम पर सुपरिटेंडेट पुलिस ने मॉडर्न, एअरकंडीशंड गाडियां ले ली हैं, वहां थानों का मॉडर्नाइजेशन नहीं हुआ है, जो arms and ammunitions चाहिए, उन का मॉडर्नाइजेशन नहीं हुआ है। इक्के-दुक्के, एक –दो जगह हुआ होगा, किन्तु जो पूरे हिन्दुस्तान में नेटवर्किग और डाटा कलेक्शन की सुविधा, ताकि हर जगह का डाटा उनको मिल सके, कम्प्यूटर के माध्यम से इन्फॉमेंशन मिल सके, उसका प्रबन्ध नहीं हुआ। आपने कहा कि हमने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सशस्त्र सीमा बल लगा दिया है , तो साहब आप यह कैसे सोचते हैं, कि बंगाल और झारंखड के बॉर्डर पर जो नक्सलाइडटस मूव कर रहे हैं, वे नेपाल से नहीं आते? मैं आपको बताना चाहूंगा कि सबसे बडे जिन दो जगहों से नक्सलाइड की उत्पत्ति हुई थी, उनमें एक गोपी बल्लभपुर, जो मिदनापुर में हैं और दूसरा श्रीकाकुलम, जो आंध्र प्रदेश में हैं। रेड कॉरिडोर इधर से बना है, जो नेपाल की तरफ गया है। नेपाल से आकर वे हमें सहायता नहीं करते, बल्कि यहां से सहायता वहां जाती है। वहां रोकने से फायदा नहीं होगा, उसे यहां पर रोकना

पडेगा। उसके लिए एक सोची-समझी रणनीति होनी चाहिए । यह पहली सरकार है, जो कहती है कि इसके पीछे इकोनॉमिक रीजन है, नक्सलाइड के फैलने के पीछे इकोनॉमिक रीजन है । अगर आप इकोनॉमिक रीजन मानते भी हैं, तो उसके लिए आपने क्या-क्या उपाय किए हैं , जिससे कि नक्सलाइड एग्रेशन रूक सके? यह बताने की कृपा करेंगे ।

**प्रो. राम देव भंडारी** (बिहार) **:** माननीय सभापति जी, लोक सभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक लोकप्रिय सांसद श्री सुनील कुमार महतो जी नहीं रहे । उनकी जघन्य हत्या कर दी गई है । देश को विशेषकर झारखंड को एक अपूरणीय क्षति हुई है, जिसे पूरा नहीं किया जा सकता। महोदय, वे आम लोगों के बीच एक लोकप्रिय सांसद थे। मैं अपने दल की ओर से इस जघन्य हत्या की निंदा करता हूं, श्री महतो के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करता हूं और उनके शोक-संतप्त परिवार को संवेदना देता हूं ।

महोदय, देश के 13 राज्यों में 165 जिले ऐसे हैं, जहां नक्सलवादी गतिविधियां चल रही हैं। उनमें दो राज्य झारखडं और बिहार भी हैं । कुछ-न-कुछ घटनाएं बिहार में और झारखडं में भी होती रहती हैं । मगर एक सासंद की हत्या बहुत बडी घटना है और सरकार ने कहा है कि यह बहुत सीरियस नेचर की घटना है ।

महोदय, मैं इंडो-नेपाल बॉर्डर पर रहता हूं । नेपाल में भी माओवादियों की जो गतिविधियों हो रही हैं, उनके बारे मे मुझे भी जानकारी है, सदन को भी है और माननीय मंत्री जी को भी है। महोदय, झारखंड के 22 जिलों में से 15 जिले ऐसे हैं, जिनमें नक्सली गतिविधियां चलती है। माननीय मंत्री जी ने उसे रोकने के लिए कई तरह की सुविधाएं दी हैं । कुछ खर्च हुए भी हैं और कुछ खर्च नहीं भी हुए हैं । मैं इसे पोलिटिकल इश्यू बनाना नहीं चाहता कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाए, बर्खास्त कर दिया जाए । जो बुनियादी समस्या है, उस समस्या पर विचार करना चाहिए । नक्सलवादी गतिविधियों के बारे में जो 13 राज्यों की चर्चा हो रही हैं , उन राज्यों में एक बिहार भी हैं, जहां से मैं आता हूं । मध्य बिहार और दक्षिणी बिहार, अब तो उत्तरी बिहार के भी कुछ क्षेत्रों में इनका प्रवेश हो रहा है। महोदय, यह किसी एक राज्य या किसी एक मुख्य मंत्री की समस्या नही हैं । सांसदों की सुरक्षा की व्यवस्था करना , देश के सभी नागरिकों की सुरक्षा की व्यवस्था करना सरकार का कर्तव्य हैं । चाहे वह किसी भी पार्टी की सरकार हो, उसका कर्तव्य होता है कि देश के नागरिकों की सुरक्षा, सांसदों की सुरक्षा की जाए ।

महोदय, मैं यह नहीं मानता कि गृह मंत्री जी की ओर से इस संबंध में व्यवस्था नहीं की जा रही है । व्यवस्था की जा रही हैं और हर दृष्टिकोण से यह प्रयास किया जा रहा हैं कि जो नक्सली गतिविधियां है, जिस कोरीडोर की बात अहलुवालिया साहब कर रहे थे, रेड कोरीडोर की, ये बातें अखबारों में आई हैं, सरकार प्रयास कर रही हैं, कि ऐसी व्यवस्था की जा सके, जिस व्यवस्था से

नक्सली गतिविधियों पर काबू पाया जा सके और जो निर्दोष नागरिकों की हत्याएं हो रही है, उनको रोका जा सके । वैसे छत्तीसगढ में भी बड़े पैमाने पर नक्सली गतिविधियों से हत्याएं हुई थी, वहां तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि किसी सरकार को दोष देना यह राष्ट्रपति शासन लगाने जैसी बात करना, जो बुनियादी समस्यांए हैं और जो उसके बुनियादी हल हो सकते हैं, उससे ध्यान दूर खींचना हैं।

महोदय, मुझे पूरा विश्वास हैं कि माननीय गृह मंत्री जी सांसदों की सुरक्षा की पूरी व्यवस्था करेंगे और यह जो घटना हुई है, इसको गंभीरतापूर्वक लेकर जैसा झारखडं सरकार ने सीबीआई की जांच का कहा है, मैं भी चाहता हूं कि सीबीआई की जांच कराई जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

